# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## ATOMIC ENERGY EDUCATION SOCIETY
## कार्यपत्रक (2025-2026)

**कक्षा : छटवीं (6) विषय/subject : हिन्दी (द्वितीय भाषा) माह : मई**

**विद्यार्थी का नाम/name of the student :________________________________________**

**अनुक्रमांक/roll no :________ कक्षा/अनुभाग :____________दिनांक/date: _____________**

---

**प्रश्न -1: दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

सावन का महीना आते ही प्रकृति में एक नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। हरियाली चारों ओर छा जाती है। खेतों में किसान काम में लग जाते हैं। बच्चे बारिश में भीगने और कागज़ की नाव चलाने का आनंद लेते हैं। पेड़-पौधे भी जैसे नहा-धोकर चमक उठते हैं। यह मौसम न केवल खेतों के लिए, बल्कि सभी जीवों के लिए सुखद होता है। बारिश की बूँदें धरती की प्यास बुझाती हैं और जीवन को नई ताजगी प्रदान करती हैं।

**प्रश्न 1: सावन का महीना आने पर प्रकृति में क्या परिवर्तन होता है?**

a) सूखा पड़ता है

b) बर्फ गिरती है

c) हरियाली छा जाती है

d) पेड़ गिरने लगते हैं

**प्रश्न 2: बच्चे सावन में क्या करते हैं?**

a) पतंग उड़ाते हैं

b) परीक्षा की तैयारी करते हैं

c) खेतों में काम करते हैं

d) बारिश में भीगते हैं और नाव चलाते हैं

**प्रश्न 3: बारिश का धरती पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

a) धरती सूख जाती है

b) धरती की प्यास बुझती है

c) फसलें खराब हो जाती हैं

d) कुछ नहीं होता

**प्रश्न 4: किस मौसम की बात की जा रही है?**

a) शरद ऋतु

b) ग्रीष्म ऋतु

c) वर्षा ऋतु

d) हेमंत ऋतु

**प्रश्न 5: गद्यांश के अनुसार पेड़-पौधों का क्या हाल होता है?**

a) वे सूख जाते हैं।

b) वे गिरने लगते हैं।

c) वे चमक उठते हैं।

d) कोई नहीं ।

**प्रश्न - 2 : दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

हम पंछी उन्मुक्त गगन के, पिंजरबद्ध न गा पायेंगे।
कनक-तिलों की बाधा को, हम भोग नहीं बिसरायेंगे।
स्वर्ण-श्रृंखल बंधन में हम, गाते नहीं, गा पायेंगे।
हम पंछी उन्मुक्त गगन के, पिंजरबद्ध न गा पायेंगे।

**प्रश्न 1: पंछी किस प्रकार का जीवन जीना चाहते हैं?**

a) पिंजरे में बंद

b) उन्मुक्त आकाश में

c) जंगल में

d) बाग में

**प्रश्न 2: 'स्वर्ण-श्रृंखल' का क्या तात्पर्य है?**

a) सोने की घड़ी

b) सोने की जंजीरें

c) सोने का सिंहासन

d) सोने का पिंजरा

**प्रश्न 3: कवि का मुख्य संदेश क्या है?**

a) धन सबसे बड़ा है

b) बंधन अच्छा है

c) स्वतंत्रता सबसे महत्वपूर्ण है

d) पिंजरे में जीवन सुखद है

**प्रश्न 4: पंछी पिंजरे में क्यों नहीं गा सकते?**

a) उन्हें डर लगता है

b) उन्हें भोजन नहीं मिलता

c) वे बंधन में दुखी रहते हैं

d) वहाँ बहुत शोर होता है

**प्रश्न 5: कविता में 'हम' किसके लिए प्रयोग हुआ है?**

a) मनुष्यों के लिए

b) पशुओं के लिए

c) पंछियों के लिए

d) बच्चों के लिए

**प्रश्न 3 : निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

**1. 'भारत' शब्द किस प्रकार की संज्ञा है?**

A) जातिवाचक संज्ञा

B) व्यक्तिवाचक संज्ञा

C) स्थानवाचक संज्ञा

D) भाववाचक संज्ञा

**2. सुंदर' शब्द किस प्रकार का शब्द है?**

A) संज्ञा

B) क्रिया

C) विशेषण

D) सर्वनाम

**3. 'वह' शब्द किस प्रकार का शब्द है?**

A) संज्ञा

B) सर्वनाम

C) क्रिया

D) विशेषण

4. **संज्ञा क्या होती है?**

A) किसी क्रिया का नाम

B) किसी विशेष व्यक्ति, स्थान, वस्तु या भाव का नाम

C) किसी कार्य को व्यक्त करने वाला शब्द

D) किसी विशेष विशेषता का नाम

5. **विशेषण क्या होता है?**

A) किसी कार्य को व्यक्त करने वाला शब्द

B) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाला शब्द

C) किसी व्यक्ति का नाम

D) किसी कार्य के समय या स्थान को बताने वाला शब्द

6. **सीमा ने किताब पढ़ी' वाक्य में ' सीमा ' का कारक क्या है?**

A) कर्ता कारक

B) कर्म कारक

C) सम्प्रदान कारक

D) अधिकरण कारक

**7. कारक के कुल कितने प्रकार होते हैं?**

A) 6 B) 7 C) 8 D) 5

8. **सर्वनाम क्या होता है?**

A) किसी विशेष व्यक्ति, स्थान, वस्तु या भाव का नाम

B) वह शब्द जो संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होता है

C) वह शब्द जो क्रिया को व्यक्त करता है

D) वह शब्द जो किसी क्रिया की विशेषता बताता है

**9. नदी में नाव तैर रही है' वाक्य में 'नदी' का कारक क्या है?**

A) कर्ता कारक

B) कर्म कारक

C) अधिकरण कारक

D) सम्प्रदान कारक

10. **‘संधि’ क्या होती है?**

A) दो शब्दों का जोड़

B) वाक्य का सही रूप

C) शब्दों के मेल से उत्पन्न नया रूप

D) किसी शब्द की व्याकरणिक विशेषता

**11. 'आ + इ' = 'ऐ' में कौन सी संधि है?**

A) स्वर संधि

B) व्यंजन संधि

C) विसर्ग संधि

D) यण संधि

12. **संधि के कितने प्रकार होते हैं?**

A) 3 B) 4

C) 5 D) 6

**13. 'परम + आत्मा' = 'परमात्मा' में कौन सी संधि है?**

A) स्वर संधि

B) विसर्ग संधि

C) यण संधि

D) व्यंजन संधि

**प्रश्न 4 : शब्दों का अर्थों से मिलान कीजिए :-**

| **शब्द.** | **अर्थ या संदर्भ** |
| --- | --- |
| 1. लांस नायक | 1. स्वतंत्रता से पहले सूबेदार भारतीय सैन्य अधिकारियों का दूसरा सबसे बड़ा पद था। |
| 2. बर्लिन ओलंपिक | 2. भारतीय सेना का एक पद (रैंक) है। |
| 3. पंजाब रेजिमेंट | 3. सैनिकों के रहने का क्षेत्र। |
| 4. सैंपर्स एंड माइनर्स टीम | 4. वर्ष 1936 में जर्मनी के बर्लिन शहर में आयोजित ओलंपिक खेल प्रतियोगिता, जिसमें 49 देशों ने भाग लिया था। |
| 5. सूबेदार | 5. स्वतंत्रता से पहले अंग्रेज़ों की भारतीय सेना का एक दल।है। |
| 6. छावनी | 6. अंग्रेज़ों के समय का एक हॉकी दल। |

**प्रश्न 5 : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

1. कोयल कहाँ रहती है ?
2. गौतम ने किसका यश बढ़ाया था ?
3. श्रीकृष्ण ने क्या सुनाया था?
4. ध्यानचंद का जन्मदिन किस रूप में मनाया जाता है ?
5. गोल नामक पाठ की विधा क्या है?
6. तन मन कौन संवारती है?
7. झरने कहाँ से झरते हैं?
8. कहाँ-कहाँ छटा छहर रही है?
9. किसका पानी लहर रहा है ?

**प्रश्न 6 : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

1. कोयल क्यों पुकार रही होगी? किसे पुकार रही होगी? कैसे पुकार रही होगी? बताइए।
2. ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य था ?
3. पवन किसका तन मन संवारती है? वह यह यह कैसे करती हैं? बताइए।
4. अपने परिवार के किसी सदस्य या मित्र के बारे में लिखिए उसकी कौन-कौन सी बातें आपको अच्छी लगती हैं ?
5. किन बातों से ऐसा लगता है कि ध्यानचंद स्वयं से पहले दूसरों को रखते थे ?
6. ध्यानचंद के स्थान पर आप होते तो क्या आप बदला लेते यदि हाँ तो बताइए कि आप बदला किस प्रकार लेते ?
7. आपको कौन-कौन से खेल और कौन से खिलाड़ी सबसे अधिक अच्छे लगते हैं क्यों ?

**********